# प्रदीप धाणक की हत्या के मुख्य अभियुक्त सहित दो गिरफ्तार

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के सात्युं गांव के प्रदीप धाणक के हत्यारों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। प्रदीप धाणक की हत्या के मुख्य अभियुक्त सहित दो को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी गोविंदराम बिश्नोई ने बताया कि 15 मार्च रात्रि को सात्युं गांव के पवन धर्मेंद्र व रमेश ने एक राय होकर गांव के ही प्रदीप धाणक

- **प्रदीप धाणक की क्रिकेट खेलने वाले बल्ले से चोट मारकर हत्या कर दी थी**

की क्रिकेट खेलने वाले बल्ले से चोट मारकर हत्या कर दी थी। प्रदीप के भाई संदीप की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर तारानगर वृत्ताधिकारी ओमप्रकाश गोदारा द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया। मृतक के पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा 7 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर थाने के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। वृत्ताधिकारी गोदारा ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।


पुलिस ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सीओ गोदारा ने थानाधिकारी गोविन्दराम बिश्नोई ने नेतृत्व में टीम गठित कर पूर्व में घटना के अगले दिन प्रकरण में बाल अपचारी धर्मेंद्र उर्फ बुलिया गोस्वामी को दस्तयाब कर तारानगर वृत्ताधिकारी के समक्ष पेश किया गया जिस पर बाल अपचारी को अनुसंधान के बाल सुधार गृह में दाखिल करवाया गया।

तत्पश्चात टीम के अथक प्रयास से प्रकरण के मुख्य अभियुक्त पवन कुमार गोस्वामी व सह अभियुक्त रमेश कुमार को 20 मार्च रविवार को दस्तयाब कर वृत्ताधिकारी के समक्ष पेश किया गया। तारानगर वृत्ताधिकारी द्वारा प्रकरण में अनुसंधान जारी है। उक्त प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार करने में कॉन्स्टेबल उमेश कुमार की अहम भूमिका रही।

# वारिसपुरा में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र भांबू ने रविवार को गांव वारिसपरा में न्यू मेजर डिफेंस एकेडमी क्रिकेट कप के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। न्यू मेजर डिफेंस एकेडमी के निदेशक कृष्णकुमार महला व राजकुमार महला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सरपंच राकेश मोटसरा ने समारोह की अध्यक्षता की।

सुनिल मोटसरा, रिजवान खान, योगेश, नवरंग आशियाना के जितेंद्र महला, अनिल बेनीवाल, सुनिल अठावाल, कमलकुमार अठावाल, प्रवीण मांजू, विजय सीगड़ा, पुलकित शर्मा, रजनीश भैड़ा, सुल्तान, कृष्ण महला, सुनिल कुमार समारोह के विशिष्ट थे। सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भांबू ने कहा कि खेल जीवन में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे जैसे मूल्यों का प्रादुर्भाव करते हुए हंसी-खुशी, आनंद से जीना सिखाता है। जो वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। उद्घाटन मैच किसारी और घोड़ीवारा के बीच खेला गया। घोड़ीवारा टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया। इस अवसर पर मदनसिंह शेखावत, विद्याधर महला, ओपेन्द्र शेखावत, वीरेंद्र सिंह, अनिल महला, अनिल दूलड़, अनिल बेनीवाल, प्रकाश महला, राजपाल कुल्हार, सुरेश कुल्हार, रामचंद्र बराला, विनोद महला, प्रमोद महला, सहीराम झाझड़िया, रविकांत मीणा, पीटीआई अली हसन सहित देरवाला पंचायत के लोग, टीमों के खिलाड़ी व बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे।

# शिव प्रतिमा की स्थापना

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्राणी मित्र सेवा समिति द्वारा संचालित बेसहारा असहाय पशु पक्षियों के लिए निर्माणाधीन आश्रय स्थल व निशुल्क पशु चिकित्सालय आरएस फार्म में शिव प्रतिमा की स्थापना की गई। आश्रय स्थल के संचालक डॉ. अनिल खीचड़ ने बताया कि जल्द ही झुंझुनूं व आसपास के असहाय अपाहिज पशु पक्षियों के लिए निशुल्क अस्पताल व आश्रय स्थल खोल दिया जाएगा।

## सार-समाचार

### परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला का स्वागत



**झुंझुनूं,** (निसं)। गुढ़ा रोड पर गोल्डन सिटी के सामने गोल्डन सिटी ग्रुप की ओर से परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला का स्वागत किया गया। युवा कार्यकर्ता अरविंद मोडसरा तथा मनोज खीचड़ की अगुवाई में हुए स्वागत कार्यक्रम में बतौर अतिथि झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर भी मौजूद थे। इस मौके पर ग्रुप के सदस्य मनोज मालसरिया, ओमप्रकाश झाझड़िया, धीरज महला, सुमेर मांडिया, राकेश कुमावत, इदरीश पठान व गोल्डन सिटी कॉलोनी के लोग मौजूद थे। इस अभिनंदन कार्यक्रम से परिवहन मंत्री ओला अभिभूत नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय में भी तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद गोल्डन सिटी ग्रुप ने शहर में जो अपनी साख बनाई है। वो निसंदेह काबिले तारीफ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस ठ्रुप से जुड़े युवा यूं ही ईमानदारी और जज्बे-जोश के साथ काम करते रहेंगे। इस मौके पर कांठोस के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र झाझड़िया भी मौजूद थे।

### मुक्तिधाम दोरासर में पांच बैंचें लगाई



**झुंझुनूं,** (निसं)। दोरासर गांव स्थित मुक्तिधाम में बृज स्मृति प्रन्यास के सौजन्य से महावीर महावीर इंटरनेशनल द्वारा पांच बैंचें लगाई है। इस नेक कार्य के लिए गांव के पूर्व सरपंच अर्जुन महला तथा दोरासर गांव के गणमान्य लोगों ने महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष वीर डॉ. एसएन शुक्ला व बृज स्मृति प्रन्यास को धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही कहा कि ऐसे सेवा कार्य हमारे गांव में होते रहे। हम आपसे अपेक्षा करते हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष वीर सत्यदेव दड़िया ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सदैव आपके साथ हैं और हमारा जुनून है कि हम पूरे झुंझुनूं क्षेत्र के ठ्रामीण जनता को भी साथ लेकर सेवा का कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर नितिन अठावाल, उपाध्यक्ष वीर सत्यदेव दड़िया, सचिव वीर नागरमल जांगिड़, वीर जाकिर अली सिद्दीकी, वीर पुष्कर जांगिड़, वीर महेश कुमार मूंड, वीर रमेशचंद्र शर्मा, वीर देवेंद्रकुमार गौड़, महावीरप्रसाद झाझड़िया, गौरीशंकर सैनी, राजेश सैनी, अमित जांगिड़, विकास सैनी, राहुल जांगिड़ व संजय मेघवाल उपस्थित थे।

### 310 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



**पाटन** (नि.स)। कस्बे के कोटपूतली रोड पर स्थित मदन मोहन मैरिज गार्डन में युवा जनजागृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर समारोह आयोजित हुआ, जिसमें 310 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक सुरेश मोदी नीमकाथाना, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, पाटन पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर, भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर , कांग्रेस नेता करण सिंह तंवर बोपिया, युवा नेता संजय यादव, महेंद्र मांडिया, पीडी यादव ,दिलीप सरपंच, बालूराम यादव, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष श्रीराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि राकेश सिंह हसामपुर, सुनील सरपंच, राजेश सरपंच जीलो, हवा सिंह सरपंच, पूर्व सरपंच विजेंद्र सिंह हसामपुर, डी पी यादव, संजू बल्लुपुरा, दिलीप सैनी, कृष्ण, प्रदीप, मनोज, अनिल, संजय मेहता, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समिति संयोजक डॉ दिलीप यादव ने सभी आगंतुकों सहित रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया।

# होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के बंधे के बालाजी मंदिर में जाट समाज का होली स्नेह मिलन समारोह बीती रात आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में जाट समाज के विशिष्टजनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आरंभ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 54 जनों ने रक्तदान किया। इसके बाद ढप आदि के कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में आए इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट के संयोजक रामावतार पलसानिया ने झुंझुनूं के जाट समाज को 12 जून 2022 को जयपुर में प्रस्तावित दूसरी इंटरनेशनल जाट पार्लियामेंट के लिए न्यौता दिया। उन्होंने बताया कि पहली जाट पार्लियामेंट 2020 में दिल्ली में हुई थी। लेकिन दूसरी जाट पार्लियामेंट जयपुर में होगी। जिसमें करीब 120 देशों के जाट समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व के जाटों को एक मंच पर लाने काम किया जा रहा है। ताकि इतिहासकारों ने जो छलावा जाट समाज के साथ किया है। उसका जवाब दिया जा सके और हम हमारी आन, शान और बान को कायम रख सके। इस मौके पर आदर्श जाट महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण श्योराण, अजीत गढ़वाल, अनिल ढिल्लन, डॉ. शालिनी तोमर गर्सा, डॉ. सुनील गर्सा, विकास जाखड़, सुमन, सरला, संदीप धत्तरवाल, सरोज श्योराण, बबिता बतौर अतिथि मौजूद थे।

# 'आप जिस क्षेत्र में जाओ वहां मेहनत व ईमानदारी से न्यायपूर्ण कार्य करें'

**चूरू,** (का. सं.)। तेजा भवन में डॉ. बीके चौधरी की अध्यक्षता एवं सुप्रिया कालेर एसडीएम के मुख्य आतिथ्य में जाट समाज की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिनका चयन सत्र 2021-22 में नेट, नीट, आईआईटी, जेईईटी, आईसीएआर में हुआ है। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, वरिष्ठ लेखाधिकारी पवन कुमार कस्वां, लोहिया महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप सिंह पूनियां, सेवानिवृत्त प्राचार्य कालेज शिक्षा हनुमानाराम ईशराण, सेवानिवृत्त रोडवेज प्रबंधक राधाकृष्ण दहिया थे। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने वीसी के जरिए सभी प्रतिभाओं को मोटिवेशनल सम्बोधन करते हुए प्रतिभाओं से आव्हान किया कि आप जिस क्षेत्र में जाओ वहां मेहनत व ईमानदारी से न्यायपूर्ण कार्य करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ एसडीएम सुप्रिया कालेर ने कहा कि आप जिस क्षेत्र में जाओ व जिस पद पर रहो वहां निर्भिक होकर न्यायपूर्ण कार्य करें, जिससे तुम निरन्तर प्रगति करेंगे। कार्यक्रम में लेखाधिकारी पवन कस्वां ने सभी प्रतिभाओं को मोटिवेशनल भाषण देकर प्रेरित किया तथा सन्तोष व्यक्त किया।


चूरू के तेजा भवन में डॉ. बीके चौधरी की अध्यक्षता एवं सुप्रिया कालेर एसडीएम के मुख्य आतिथ्य में जाट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

- **कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने किया प्रतिभाओं को वर्चूअल सम्बोधित**
- **जाट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया**

मुख्य वक्ता दिलीप सिंह पूनियां व हनुमानाराम ईशराण ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को कम करने व आज के युग की फैशनेबल पीढ़ी को फैशन पर कम ध्यान देकर लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि हरलाल सहारण ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि गत वर्ष 26 सितम्बर को तेजा भवन में सर्वसमाज के अभ्यर्थियों के ठहरने की जो व्यवस्था समाज के लोगों ने की वो काबिले तारीफ थी तथा आव्हान किया कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी निरंतर करते रहेंगे। राधाकृष्ण दहिया ने सभी प्रतिभाओं से कहा कि हमें हमारे महापुरुषों के संस्कारों को अपनाकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने चूरू के सार्वजनिक चैराहै पर चैहरु जाट की प्रतिमा लगाने पर बल दिया। कार्यक्रम में कोविड -19 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले डॉ. अजीत गढ़वाल, डॉ. सन्दीप कुल्हरी, डॉ. मुरलीधर ढाका, डॉ. प्रदीप कस्वां, डॉ. दिनेश मील, डॉ. आकांक्षा व डॉ. मनीष जाखड़ का भी अभिनंदन किया गया।

अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. बीके चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सभी का आभार प्रकट करते हुए तेजा भवन की पूर्णता पर हर्ष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वीर तेजा मंदिर प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष हेमराज फगेड़िया, सचिव यशपाल रणवां, रामकुमार खीचड़, राजेन्द्र पूनियां, प्रदीप फगेड़िया, विजयपाल धुवां, भंवरलाल कस्वां, भंवरसिंह महला, सुभाष ढाका, रघुवीर सहारण, राजपाल दहिया, रामस्वरूप फगेड़िया, राजेन्द्र सूंडा,सुल्तान जड़िया, रणवीर कस्वां, फूलसिंह बुरड़क, काशीराम गढ़वाल, बनवारी कस्वां आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम को ऑनलाइन रखा गया तथा वीसी से जोड़ने में लक्ष्मण चौधरी की मेहनत रंग लाई। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक जयसिंह पूनियां ने किया।

# शासनमाता साध्वी कनकप्रभा की स्मृति सभा आयोजित

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय तेरापंथ भवन में रविवार को तेरापंथ धर्मसंघ की असाधारण साध्वी प्रमुखा शासनमाता कनकप्रभा की स्मृति सभा का आयोजन किया गया।

बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी, अपने कृतित्व द्वारा विशिष्ट पहचान बनाने वाली तेरापंथ धर्मसंघ की आठवीं साध्वी प्रमुखा के प्रति स्मृति-सभा में अनेक वक्ताओं ने आस्थासिक्त उद्गार व्यक्त किये। इस अवसर पर साध्वी चिराग प्रभा ने मंगलाचरण से कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। शासन श्री साध्वी, सरोज कुमारी ने शासनमाता के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके जीवन पर आधारित साहित्य अमृतम का स्वाध्याय करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा मुन्नी कोठारी, उपाध्यक्ष उर्मिला बांठिया, मंत्री रचना कोठारी, परामर्शक शशि कोठारी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि बसंत शर्मा, डॉ. एफ. एच. गौरी, डॉ. मांगीलाल श्यामसुखा, प्रो. कमल सिंह कोठारी व सुरेश बैद ने अपने विचारों के माध्यम से भावांजलि अर्पित की। साध्वी चिरागप्रभा, साध्वी सोमप्रभा, साध्वी प्रभावना, श्रीजी ने अपने वक्तव्य द्वारा शासनमाता के प्रति अपनी भावना व सामूहिक गीतिका की प्रस्तुति दी। स्मृति सभा में पूर्व पार्षद ताराचंद बांठिया, हरिसिंह डागा, सुभाष शर्मा, राजेश स्वामी, सुरेंद्र पारख, प्रकाश कोठारी, प्रवीण बैद, बसंत सिंगी, छत्तरसिंह कोठारी, हेमराज कोठारी, संजय भटेरा, रणजीत पारख, ज्ञानचंद सुराणा, उम्मेद कोठारी, दिनेश सेवग, पूनम सुराणा एवं महिला मंडल की पदाधिकारी सहित श्रावक समाज एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश बांठिया ने किया।

## विदाई समारोह मनाया

**पाटन** (नि.स) नीमकाथाना में संचालित निजी शिक्षण संस्थान सरस्वती ग्रुप ऑफ एजुकेशन में रविवार को सरस्वती पब्लिक स्कूल एवं सेम स्कूल में अध्यनरत कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय के कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। संस्था द्वारा विदाई समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक अग्रवाल शिव शक्ति आई हॉस्पिटल नीमकाथाना, इंजीनियर रवि सैनी टाटा समूह एवं अभिभावकों द्वारा तथा सेम स्कूल के प्रिंसिपल वरुण प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# 'झुंझुनूं के श्रमिक संगठन होंगे हड़ताल में शामिल'

**झुंझुनूं,** (निसं)। इसी महीने 28 व 29 मार्च को देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में रविवार को झुंझुनूं के शिक्षक भवन में केंद्रीय श्रम संगठनों एव केंद्रीय राज्य कर्मचारियों के संगठनों का एक दिवसीय कन्वेंशन आयोजित किया गया। कन्वेंशन का उद्घाटन कॉमरेड तारासिंह सिंधु ने किया।

उन्होंने इस मौके पर कहा कि संघर्ष ने किसानों के तीनों काले कृषि कानूनों को वापिस लेने को मोदी सरकार को मजबूर किया। इसी प्रकार श्रम कानूनों को भी वापिस लेने के लिए 28 व 29 मार्च को विशाल पैमाने पर श्रमिकों की हड़ताल होगी। जिसमें बैंक, बीमा, रेल, बीएसएनएल, पोस्टल वर्करों के साथ केंद्र व राज्य कर्मचारि भी भाग लेंगे। कंवेंशन में मूल प्रस्ताव एटक के नेता बिरदूरामराम सैनी ने रखा।

जिस पर सीटू के नेता गजराज कटेवा, एक्टू के फूलचंद ढेवा, एचमएस रेलवे के विनोद कुमार, रामचंद्र कुलहरि, फूलचंद बर्बर, नौजवान सभा के अध्यक्ष राजेश बिजारनिया, एसएफआई के पंकज गुर्जर, एटक के सीडी यादव, संयुक्त कर्मचारी महासंघ के दुर्गाराम मोगा, किसान नेता सुमेर बुडानिया, मदन यादव, रमेश मील, बाबूलाल सैनी, ओमप्रकाश, लालाराम आदि ने विचार व्यक्त किए ।

# पं. चंदनमल बहड़ ने आजादी की लड़ाई लड़ने के साथ रचनात्मक काम किया : जाट

**चूरू,** (का. सं.)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास जाट ने कहा है कि अंग्रेजी राज में जब आम आदमी दोहरी गुलामी के अत्याचारों से पीड़ित था, ऐसे समय में सामंतशाही और राजशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाले और लड़ने वाले लोगों का साहस हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। सीईओ जाट रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र में जिला प्रशासन एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी पं. चंदनमल बहड़ की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीईओ रामनिवास जाट ने कहा कि अंग्रेजी राज में सामंतशाही और राजाशाही के खिलाफ लड़ने वाले लोगों ने उस समय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, जब तत्कालीन सत्ता के खिलाफ बोलना असंभव जैसा था। पं. चंदनमल बहड़ जैसे लोग जानते थे कि उनकी अभिव्यक्ति स्वयं उनके लिए बहुत मुश्किलें पैदा करेंगी लेकिन फिर भी उनकी संवेदनशीलता ओर दृढ़ता ने घुटने नहीं टेके। मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ एलएन आर्य ने कहा कि जुल्म की पराकाष्ठा के उस दौर में पं. चंदनमल बहड़ ने आजादी की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ रचनात्मक काम किया। डॉ. आर्य ने कहा कि चूरू नगरपरिषद खुद पं. चंदनमल बहड़ मार्ग के सम्बन्ध में सरकार के आदेशों की पालना नहीं कर रही है। अध्यक्षता करते हुए स्वाधीनता सेनानी बहड़ के पुत्र एवं पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए उस समय के जागीरदारी अत्याचारों की कल्पना करना भी मुश्किल है। स्वागत उद्बोधन में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के चूरू संयोजक रियाजत खान ने आयोजकीय रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि पं. चंदनमल बहड़ ने अपने साथियों के साथ जिस साहस के साथ धर्मस्तूप पर तिरंगा फहराने की अपनी योजना को अंजाम दिया, वह अपने आप में उल्लेखनीय और अद्भुत है। उन्हें याद करने वाले बहुत कम लोग हैं, यह चिन्ता का विषय है।



जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास जाट ने पं. चंदनमल बहड़ की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया।

- **सूचना केन्द्र के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होने के कारण दर्जनों लोग तो स्वतंत्रता सेनानी पं. चंदनमल बहड़ की जयंती पर हुई संगोष्ठी में पहुंच ही नहीं पाए**

गौरतलब है कि सूचना केन्द्र के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होने के कारण दर्जनों लोग तो संगोष्ठी में पहुंच ही नहीं पाए। यहां कम उपस्थिति के कारण रियाजत खान को क्षमा याचना भी करनी पड़ी। कुल मिलाकर वो तो गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिला गए लेकिन चूरू का प्रशासन सूचना केन्द्र का मुख्य दरवाजा तक नहीं खोल सका। यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी में नफरत भरने वाले इतिहास की बजाय हमें इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों और ऐसे गौरवान्वित करने वाले नायकों को पढ़ना चाहिए। संचालन अहिंसा प्रकोष्ठ प्रभारी उम्मेद सिंह गोठवाल ने किया। इस दौरान पूर्व कोषाधिकारी भागीरथ शर्मा, पार्षद नरेंद्र सैनी, जमील चौहान, सुबोध मासूम, महेश मिश्रा, श्यामसुंदर शर्मा, काजी मोहम्मद अब्बास, आबिद खान मोयल, श्रीराम पीपलवा, दीपिका सोनी, हनीफ खां, सिराज खां जोइया, इकबाल खां रूकनखानी, कालूराम महर्षि, राजेंद्र सिंह शेखावत, किशन उपाध्याय, अमित तिवारी, विमल कुमार जोशी, राकेश ओझा, साबिर अली, अरविंद भांभू, अग्रिकुमार, खींवाराम पाटवाल, इलियास खान, राजीव बहड़, दीपक सैनी, योगेश गौड़, रामचंद्र गोयल, जसवंत सिंह, संजय गोयल, विजय रक्षक आदि मौजूद थे।

# पुलिस के साथ मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पाटन,** (नि.स) जिला पुलिस अधीक्षक सीकर कुंवर राष्ट्रदीप द्वारा फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए थे।

प्राप्त आदेशों की पालना में रतन लाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना व गिरधारी लाल शर्मा पुलिस उप अधीक्षक नीमकाथाना के निकटतम सुपरविजन में बृजेश सिंह तंवर थानाधिकारी पाटन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पाटन एसएचओ बृजेश तंवर ने बताया कि पाटन पुलिस ने राज कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस के साथ मारपीट करने के फरार आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया है। पाटन पुलिस 2017 में रामपुरा नदी में अपराधियों की धरपकड़ करने गई थी जहां नौरंगपुरा निवासी विक्रम उर्फ गद्दर पुलिस टीम से मारपीट कर पुलिस को राजकार्य करने से रोका था जिसमें वारदात के दौरान पाटन पुलिसकर्मियों को चोट भी आई थी।


राजकार्य में बाधा डालने पर युवक पुलिस हिरासत में।

मामले में जमानत के बाद से आरोपी करीब 6 माह से फरार चल रहा था। जिसे मुखबीर की सूचना पुलिस टीम ने रविवार सुबह कोटपुतली के लक्ष्मी नगर से गिरफ्तार कर लिया है।